रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	24/06/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

Q.1 यदि कोई मंत्री लगातार छह महीने तक सांसद नहीं रहता है, तो क्या होगा?

Ans
✗ 1. मंत्री, राष्ट्रपति की विशेष अनुमति से अपने पद पर बना रह सकता है।
✓ 2. मंत्री को उसके पद से हटा दिया जाता है।
✗ 3. मंत्री को तीन महीने के भीतर पुनः निर्वाचित होना होगा।
✗ 4. प्रधानमंत्री उसे पद विस्तार दे सकते हैं।

Q.2 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 3 © 3 # 1 & & 5 £ 9 3 4 * & 2 2 % 2 2 7 © @ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 2
✓ 3. 3
✗ 4. 5

Q.3 वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिससे 176 और 273 को विभाजित करने पर क्रमशः 5 और 3 शेष बचते हैं।

Ans
✗ 1. 14
✗ 2. 10
✓ 3. 9
✗ 4. 12

Q.4 संख्या 4319286 में प्रत्येक अंक को यदि बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
✗ 1. तीन
✗ 2. एक
✓ 3. एक भी नहीं
✗ 4. दो

Q.5 आर्द्र कृषि आमतौर पर किस प्रकार की मृदा में की जाती है?

Ans
✗ 1. लैटेराइट मृदा
✗ 2. लाल मृदा
✓ 3. जलोढ़ मृदा
✗ 4. काली मृदा

Q.6 निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह किसी निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

SAME - AEMS - EMAS
GOAL - OLAG - LAOG

Ans
✔ 1. SINK - IKNS - KNIS
✘ 2. YEAK - YAEK - KAEY
✘ 3. LEAN - ELAN - NEAL
✘ 4. RIPE - IRPE - EIPR

Q.7 द्विघात समीकरण $2x^2 + x + 3 = 0$ के मूलों की प्रकृति ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. परिमेय मूल
✘ 2. वास्तविक मूल और बराबर
✘ 3. भिन्न वास्तविक मूल
✔ 4. अधिकल्पित मूल

Q.8 स्टीव बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 10 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर से दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✘ 1. 12 km, पूर्व की ओर
✘ 2. 10 km, पश्चिम की ओर
✘ 3. 10 km, दक्षिण की ओर
✔ 4. 12 km, पश्चिम की ओर

Q.9 एक बेलन के एक सिरे पर शंकु और दूसरे सिरे पर एक अर्धगोला अधिरोपित किया गया है। सार्व त्रिज्या 7 cm है, बेलन की ऊंचाई 6 cm है और संरचना की कुल ऊंचाई 32 cm है। संरचना का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें

Ans
✘ 1. 2620
✘ 2. 2616
✔ 3. 2618
✘ 4. 2621

Q.10 यदि $x = 2 + \sqrt{3}$ है, तो $x^2 + \frac{1}{x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 30
✘ 2. 26
✘ 3. 16
✔ 4. 14

Q.11 भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए 'भारतीय अशांति के जनक' के रूप में किसे जाना जाता है?

Ans
✘ 1. महात्मा गांधी
✔ 2. बाल गंगाधर तिलक
✘ 3. जवाहरलाल नेहरू
✘ 4. सुभाष चंद्र बोस

Q.12 निम्नलिखित आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

49, 54, 54, 43, 52, 49, 51, 46, 53, 43, 53, 49, 44, 45, 46, 44, 40, 50, 52, 49

Ans
✗ 1. 43
✗ 2. 52
✗ 3. 54
✓ 4. 49

Q.13 फरवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे 2025-26 की अवधि के लिए भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) का उपाध्यक्ष चुना गया था?

Ans
✓ 1. प्रसन्ना कुमार डी
✗ 2. चरणजोत सिंह नंदा
✗ 3. वी अनंत नागेश्वरन
✗ 4. विवेक जोशी

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

AZB 3, ZYA 9, YXZ 27, XWY 81, ?

Ans
✗ 1. VWX 729
✗ 2. WWX 729
✗ 3. WVX 729
✓ 4. WVX 243

Q.15 25553 में कौन-सी सबसे छोटी संख्या जोड़ी जाए कि योगफल 38 से पूर्णतः विभाज्य हो?

Ans
✓ 1. 21
✗ 2. 23
✗ 3. 22
✗ 4. 18

Q.16 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
28, 39, 61, 94, 138, ?

Ans
✗ 1. 183
✗ 2. 163
✓ 3. 193
✗ 4. 173

Q.17 एक सम बहुभुज A के बाह्य कोण और अंतः कोण का अनुपात 1 : 4 है। A की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 9
✗ 2. 8
✓ 3. 10
✗ 4. 12

Q.18 भारतीय रिजर्व बैंक का केंद्रीय कार्यालय मुंबई में कब स्थानांतरित हुआ था?

Ans
✗ 1. 1947
✗ 2. 1949
✓ 3. 1937
✗ 4. 1935

Q.19 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 3 3 & 7 * € 2 6 8 £ % 5 6 £ © 1 6 & % 8 # # (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या और ठीक बाद में एक प्रतीक है?

Ans
✗ 1. 3
✓ 2. 4
✗ 3. 6
✗ 4. 5

Q.20 भारत-अफगानिस्तान सीमा को आधिकारिक तौर पर _____ कहा जाता है।

Ans
✓ 1. डूरंड रेखा
✗ 2. रेडक्लिफ रेखा
✗ 3. मैकमोहन रेखा
✗ 4. नियंत्रण रेखा

Q.21 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में अनुसरण की गई संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 तथा 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

10 - 20 - 25 - 50; 3 - 6 - 11 - 22

Ans
✓ 1. 5 - 10 - 15 - 30
✗ 2. 6 - 12 - 14 - 16
✗ 3. 19 - 21 - 22 - 44
✗ 4. 13 - 15 - 30 - 35

Q.22 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

63 D 19 C 6 B 9 D (56 A 4) = ?

Ans
✗ 1. 96
✓ 2. 84
✗ 3. 62
✗ 4. 120

Q.23 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सटीक रूप से समझाता है कि टचस्क्रीन (touchscreen) को इनपुट और आउटपुट दोनों डिवाइस क्यों माना जा सकता है?

Ans
✗ 1. यह केवल इमेज दर्शाता है लेकिन ध्वनि आदेशों पर प्रतिक्रिया करता है।
✗ 2. यह यूजर डेटा को आंतरिक रूप से संसाधित करता है और इसे मेमोरी में भेजता है।
✗ 3. यह प्रोग्रामों को स्टोर करता है और यूजर को सीधे मेमोरी में राइट (write) करने की सुविधा देता है।
✓ 4. यह यूजर को विज़ुअल डेटा (visual data) के साथ इंटरैक्ट करने और कंप्यूटर को टच सिग्नल भेजने की सुविधा देता है।

Q.24 सात बॉक्स D, E, F, G, I, J और K एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। F के ऊपर कोई बॉक्स नहीं रखा गया है। F और K के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। D और E के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। E को K के ठीक ऊपर रखा गया है। D और G के बीच केवल चार बॉक्स रखे गए हैं। J को I के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है। J के नीचे दूसरे स्थान पर कौन-सा बॉक्स रखा गया है?

Ans
✗ 1. D
✗ 2. F
✓ 3. K
✗ 4. G

Q.25 प्रयोगशाला थर्मामीटर में सामान्य ताप परिसर कितना होता है?

Ans
✗ 1. 32°F से 212°F
✗ 2. 0°C से 100°C
✓ 3. -10°C से 110°C
✗ 4. 94°F से 108°F

Q.26 कौन सी मैमोरी अलोपशील (non-volatile) होती है और इसका उपयोग कंप्यूटर में आवश्यक सिस्टम निर्देशों को संग्रहीत करने के लिए किया जाता है?

Ans
✗ 1. रजिस्टर (Registers)
✗ 2. रैम (RAM)
✓ 3. रोम (ROM)
✗ 4. कैश मैमोरी (Cache Memory)

Q.27 यदि $x^2 + y^2 - 12x + 18y + 117 = 0$, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 121
✓ 2. 117
✗ 3. 116
✗ 4. 109

Q.28 $4 + 2\sqrt{3}$ और $16 - 8\sqrt{3}$ का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 8
✓ 2. 4
✗ 3. 9
✗ 4. 14

Q.29 कितनी राशि (₹ में) पर 5% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्षों का साधारण ब्याज ₹420 प्राप्त होगा?

Ans
✓ 1. ₹4,200
✗ 2. ₹4,350
✗ 3. ₹4,000
✗ 4. ₹4,400

Q.30 लोकेश अपनी कक्षा में ऊपर से 24वें स्थान पर तथा नीचे से 34वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

Ans
✓ 1. 57
✗ 2. 56
✗ 3. 59
✗ 4. 58

Q.31 निम्नलिखित में से किसका निपटारा लोक अदालत में किया जा सकता है?

Ans
✗ 1. संवैधानिक मामले का
✓ 2. समझौते योग्य अपराध का
✗ 3. जनहित याचिका का
✗ 4. हत्या के मामले का

Q.32 एशियन प्रोडक्टिविटी ऑर्गनाइजेशन (APO) की 67वीं GBM के दौरान भविष्य केंद्रित किस प्रमुख पहल पर चर्चा की गई थी?

Ans
✗ 1. एशिया-प्रशांत मुक्त व्यापार समझौता
✓ 2. हरित उत्पादकता 2.0 पारिस्थितिकी तंत्र
✗ 3. स्मार्ट शहर 2030
✗ 4. डिजिटल गवर्नेंस नेटवर्क

Q.33 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

: YFI :: LSV : %

Ans
✗ 1. # = VBE, % = PWZ
✗ 2. # = UBE, % = PWO
✗ 3. # = UBE, % = BWZ
✓ 4. # = UBE, % = PWZ

Q.34 एक उत्पाद पर प्राप्त लाभ 66% है। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य दोनों के आंकड़े परस्पर बदल दिए जाएं, तो बिक्री पर होने वाला हानि प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 41.12%
✗ 2. 38.57%
✗ 3. 38.40%
✓ 4. 39.76%

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा जनजातीय समूह, नागालैंड में हॉर्नबिल महोत्सव (Hornbill Festival) से संबंधित है?

Ans
✗ 1. मिज़ो (Mizo)
✗ 2. एओ (Ao)
✓ 3. नागा (Naga)
✗ 4. गारो (Garo)

Q.36 2024 के दौरान शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य ड्रोन-आधारित कृषि सेवाओं के माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व वाले SHG को सशक्त बनाना है।
यह योजना मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है।
इस योजना का उद्देश्य कृषि में उपयोग के लिए ड्रोन प्रदान करके महिला SHG की आय बढ़ाना है।

Ans
✓ 1. केवल 1 और 3
✗ 2. केवल 2 और 3
✗ 3. केवल 1 और 2
✗ 4. 1, 2 और 3

Q.37 हेमंत और इरफान एक निश्चित कार्य को क्रमशः 6 और 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने एक साथ कार्य करना शुरू किया, और 2 दिन बाद, इरफान ने कार्य छोड़ दिया। हेमंत शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
✔ 1. $\frac{14}{5}$
✘ 2. $\frac{9}{5}$
✘ 3. $\frac{11}{5}$
✘ 4. $\frac{17}{5}$

Q.38 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 617 335 930 459 571 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के पहले अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✘ 1. 15
✔ 2. 14
✘ 3. 12
✘ 4. 13

Q.39 योको ओगावा (Yōko Ogawa) के उपन्यास "मीना'ज़ मैचबॉक्स (Mina's Matchbox)" का अंग्रेजी में अनुवाद किया गया और उसे अगस्त 2024 में प्रकाशित किया गया। यह उपन्यास मूलतः किस भाषा में लिखा गया है?

Ans
✘ 1. वियतनामी
✔ 2. जापानी
✘ 3. कोरियाई
✘ 4. चीनी

Q.40 एक खुदरा विक्रेता अंकित मूल्य पर 10% की छूट देता है। 35% का लाभ अर्जित करने के लिए उस वस्तु पर कितना मूल्य (₹ में) अंकित किया जाना चाहिए, जिसका क्रय मूल्य ₹626 है?

Ans
✘ 1. 942
✘ 2. 937
✔ 3. 939
✘ 4. 938

Q.41 अक्टूबर 2024 में, निम्नलिखित में से किसने भारतीय तटरक्षक बल के 26$^{\text{वें}}$ महानिदेशक के रूप में शपथ ली?

Ans
✔ 1. परमेश शिवमणि
✘ 2. मनोज कुमार दुबे
✘ 3. अजीत कुमार सक्सेना
✘ 4. विजया किशोर रहाटकर

Q.42 यदि ओजस्विता को पांच असाइनमेंट में 82, 86, 92, 75, और 95, अंक प्राप्त हुए तो उसके औसत अंक कितने हैं?

Ans
✗ 1. 84
✓ 2. 86
✗ 3. 87
✗ 4. 89

Q.43 सात व्यक्ति, A, B, C, D, S, T और U उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। T और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। केवल D, U के दाईं ओर बैठा है। C और U के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। B, S के दाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन A के बाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है। A और S के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ 1. दो
✗ 2. एक
✗ 3. तीन
✗ 4. चार

Q.44 $\sqrt{\frac{1+\sin A}{1-\sin A}}+\sqrt{\frac{1-\sin A}{1+\sin A}}$ को सरल कीजिए।

Ans
✓ 1. $2 \sec A$
✗ 2. $2 \sin A$
✗ 3. $2 \operatorname{cosec} A$
✗ 4. $2 \cos A$

Q.45 जब कोई पिंड किसी तरल पदार्थ में डूबा होता है और तरल पदार्थ को विस्थापित करता है, तो कौन-सा बल उत्पन्न होता है?

Ans
✗ 1. कमानी बल
✗ 2. अभिलंब प्रतिक्रिया
✗ 3. तनन
✓ 4. उत्प्लावक बल

Q.46 चन्द्रगुप्त द्वितीय द्वारा पराजित शक क्षत्रप राजा कौन था?

Ans
✗ 1. रुद्रसेन
✗ 2. रुद्रदामन
✗ 3. नहपान
✓ 4. रुद्रसिंह तृतीय

Q.47 निम्नलिखित डेटा से माध्यिका ज्ञात कीजिए।

आयु (वर्षों में)	15 - 25	25 - 35	35 - 45	45 - 55	55 - 65	65 - 75	75 - 85
रोगियों की संख्या	37	11	26	10	39	25	18

Ans
✗ 1. 59 वर्ष
✗ 2. 68 वर्ष
✓ 3. 54 वर्ष
✗ 4. 72 वर्ष

Q.48 ABCD एक समलम्ब चतुर्भुज है जिसमें BC || AD तथा AC = CD है। यदि ∠ABC = 13° तथा ∠BAC = 164° है, तो ∠ACD की माप क्या है?

Ans
✓ 1. 164°
✗ 2. 188°
✗ 3. 161°
4. 174°

Q.49 संख्याओं/प्रतीकों के किसी समूह को नीचे दिए गए कोड और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कोड का उपयोग करके कोडित किया जाता है। यदि उस पर दी गई शर्तों में से कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए निम्न तालिका में दर्शाए अनुसार कोड का उपयोग किया जाना चाहिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए निम्न तालिका में दर्शाए अनुसार कोड का उपयोग किया जाना चाहिए।

संख्या/प्रतीक	2	9	6	7	4	#	3	@	1
कोड	Y	A	L	B	S	D	E	Z	C

शर्तें -
(i) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कोड आपस में बदल दिए जाने चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयव को © के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव दोनों पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कोड के रूप में कोडित किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित समूह के लिए कोड क्या होगा?

9 4 @ 1

Ans
✗ 1. LZSC
✗ 2. ©SZ©
✗ 3. AZSC
✓ 4. ASZC

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. KQN
✗ 2. TZV
✗ 3. QWS
✗ 4. NTP

Q.51 एक गाँव की जनसंख्या 1,20,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 15% की वृद्धि हुई तथा दूसरे वर्ष में 20% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _____ होगी।

Ans
✗ 1. 1,44,000
✗ 2. 1,38,000
✓ 3. 1,65,600
✗ 4. 1,62,000

Q.52 SpaceX मिशन 2025 का नाम क्या है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को सीधे पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों पर ले जाएगा?

Ans
✗ 1. आर्कटिक क्वेस्ट (Arctic Quest)
✗ 2. अंटार्कटिक ओडिसी (Antarctic Odyssey)
✗ 3. पोलर एक्सप्लोरर (Polar Explorer)
✓ 4. फ्रैम2 (Fram2)

Q.53 1921 का मोपला विद्रोह (जिसे मालाबार विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है), जो ब्रिटिश शासन और हिंदू जमींदारों के विरुद्ध था, निम्नलिखित में से किस स्थान पर हुआ था?

Ans
✓ 1. केरल
✗ 2. बंगाल
✗ 3. बॉम्बे
✗ 4. उत्तर प्रदेश

Q.54 फरवरी 2025 के आंकड़ों के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत कितनी खेल अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है?

Ans
✗ 1. 423
✓ 2. 323
✗ 3. 223
✗ 4. 123

Q.55 $\frac{\left(\frac{15}{18}\right)}{\left(\frac{15}{3}\right)} \div \left(\frac{3}{6} \times \frac{12}{9} + \frac{2}{6}\right) + \frac{3}{8} \div \frac{18}{15} \text{ of } \frac{15}{8}$ का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{2}{9}$
✗ 2. $\frac{5}{7}$
✓ 3. $\frac{1}{3}$
✗ 4. $\frac{7}{13}$

Q.56 हर्षवर्धन के साम्राज्य की राजधानी क्या थी?

Ans
✗ 1. आगरा
✗ 2. थानेसर
✓ 3. कन्नौज
✗ 4. पाटलिपुत्र

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर VAGL किसी निश्चित तरीके से PUAF से संबंधित है। XCIN उसी तरीके से RWCH से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, FKQV निम्नलिखित में से किस विकल्प से संबंधित है?

Ans
✗ 1. ZPEK
✗ 2. ZPKE
✗ 3. ZEPK
✓ 4. ZEKP

Q.58 भारत का कौन-सा क्षेत्र मानसून-पूर्व ऋतु के दौरान 'काल बैसाखी' का अनुभव करने के लिए जाना जाता है?

Ans
✗ 1. उत्तरी भारत
✗ 2. दक्षिणी भारत
✓ 3. पूर्वी भारत
✗ 4. पश्चिमी भारत

Q.59 निम्नलिखित प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर-कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों के अनुसार कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं हो, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

Number/ symbol	8	6	*	%	9	&	3	+	@	5	$	7	4
Code	W	C	E	J	F	A	D	Q	G	P	R	B	U

संदर्भ:
Number/Symbol = संख्या/प्रतीक
Code = कूट

शर्तें:
(I) यदि पहला अवयव एक संख्या है और अंतिम अवयव एक प्रतीक है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयवों) के कूट को आपस में बदला जाना है।
(II) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
(III) यदि तीसरा अवयव पूर्ण घन है, तो दूसरे अवयव को तीसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

%987 को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
✗ 1. JFWB
✗ 2. JWFB
✓ 3. JWWB
✗ 4. BFWJ

Q.60 भारत में निर्माण को किस क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है?

Ans
✗ 1. तृतीयक
✗ 2. प्राथमिक
✓ 3. माध्यमिक
✗ 4. चतुर्थक

Q.61 पाइप A अकेले एक खाली टंकी को 26 घंटे में भर सकता है और पाइप B अकेले उसी टंकी को 36 घंटे में भर सकता है। दोनो को एक साथ चालू करने पर टंकी का आधा भाग भरने में उन्हें कितना समय लगेगा?

Ans
✓ 1. $7\frac{17}{21}$ घंटे
✗ 2. $11\frac{17}{31}$ घंटे
✗ 3. $15\frac{17}{31}$ घंटे
✗ 4. $16\frac{17}{31}$ घंटे

Q.62 निम्नलिखित में से कौन-सी सुविधा, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा बैंकों को रेपो दर से अधिक ब्याज दर पर ओवरनाइट फंड उधार लेने के लिए प्रदान की जाती है?

Ans
✗ 1. ऑफ बजट वित्तपोषण
✗ 2. खुला बाजार प्रचालन
✗ 3. स्थायी जमा सुविधा
✓ 4. सीमांत स्थायी सुविधा

Q.63 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?
: QLO :: QLO : %

Ans
✗ 1. # = KJJ, % = MYT
✓ 2. # = LGJ, % = VQT
✗ 3. # = LLP, % = VOY
✗ 4. # = LPU, % = VPY

Q.64 दो वर्ष पहले, A, B और C की औसत आयु 66 वर्ष थी। अब से दो वर्ष बाद, A और C की औसत आयु 89 वर्ष होगी। अब से चार वर्ष बाद, B की आयु (वर्ष में) कितनी होगी?

Ans
✗ 1. 31
✓ 2. 34
✗ 3. 30
✗ 4. 37

Q.65 उदारीकरण से बैंकिंग क्षेत्र में अधिक स्वायत्तता और प्रतिस्पर्धा संभव हुई। निम्नलिखित में से कौन सा बैंक सन् 1991 के सुधारों के बाद भारत में गठित होने वाला पहला निजी बैंक था?

Ans
✗ 1. आई.सी.आई.सी.आई. बैंक (ICICI Bank)
✗ 2. एक्सिस बैंक (Axis Bank)
✓ 3. एच.डी.एफ.सी. बैंक (HDFC Bank)
✗ 4. इंडसइंड बैंक (IndusInd Bank)

Q.66 संख्या 1538672 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans
✗ 1. 8
✗ 2. 11
✗ 3. 12
✓ 4. 9

Q.67 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी बिल्लियाँ, बिल हैं।
कोई साँप, बिल नहीं है।
सभी साँप, गुड़िया हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ गुड़िया, बिल्लियाँ नहीं हैं।
(II) कोई भी बिल, गुड़िया नहीं है।

Ans
✓ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.68 डेविड का वेतन पहले 17% घटाया गया और बाद में 10% बढ़ा दिया गया। उसका अंतिम वेतन उसके शुरुआती वेतन की तुलना में कितने प्रतिशत कम था?

Ans
✗ 1. 10%
✗ 2. 17%
✓ 3. 8.7%
✗ 4. 1.7%

Q.69 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✔ 1. IGL
- ✘ 2. UZW
- ✘ 3. SXU
- ✘ 4. NSP

Q.70 A और B एक व्यवसाय में 8:5 के अनुपात में धन निवेश करते हैं। यदि कुल लाभ का 35% दान में दे दिया जाता है और लाभ में A का हिस्सा ₹7,770 है, तो कुल लाभ कितना है?

Ans
- ✘ 1. ₹19,422
- ✘ 2. ₹19,426
- ✘ 3. ₹19,423
- ✔ 4. ₹19,425

Q.71 विंडोज 11 ओएस में फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) में नाम से फ़ाइलों को सॉर्ट करने का सबसे सरल तरीका निम्नलिखित में से कौन-सा है?

Ans
- ✘ 1. फ़ाइल एक्सप्लोरर (File Explorer) में Name column header पर क्लिक करें
- ✘ 2. Ctrl + S शॉर्टकट का उपयोग करें
- ✔ 3. राइट-क्लिक करें → Group by सेलेक्ट करें → Name
- ✘ 4. फ़ाइलों को मैन्युअल रूप से वर्णमाला क्रम में ड्रैग करें

Q.72 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 10 19 34 58 ?

Ans
- ✔ 1. 94
- ✘ 2. 72
- ✘ 3. 89
- ✘ 4. 74

Q.73 वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश की गयी राशि 10 वर्षों में स्वयं की दोगुनी हो जाती है। कितने वर्षों में यह राशि स्वयं की चार गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✘ 1. 40
- ✘ 2. 39
- ✘ 3. 19
- ✔ 4. 20

Q.74 हृद चालन तंत्र (cardiac conduction system) में, किस संरचना को प्रत्येक हृदयस्पंद को प्रारंभ करने के लिए उत्तरदायी पेसमेकर (pacemaker) के रूप में मान्यता प्राप्त है?

Ans
- ✘ 1. पुरकिंजे तंतु (Purkinje fibers)
- ✘ 2. हिज़ तंतुबंध (Bundle of His)
- ✔ 3. कोटरालिंद (SA) नोड (Sinoatrial (SA) node)
- ✘ 4. अलिंद-निलय (AV) नोड (Atrioventricular (AV) node)

Q.75 1991 के सुधारों ने, दक्षता और अनुपालन को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख कर नीति परिवर्तनों को जन्म दिया। 2017 में लागू किए गए किस कर सुधार का उद्देश्य भारत के अप्रत्यक्ष कर ढांचे को एकीकृत करना था?

Ans
- ✘ 1. सेवा कर
- ✘ 2. उत्पाद शुल्क
- ✘ 3. VAT
- ✔ 4. GST

Q.76 जनवरी 2024 में जारी नीति (NITI) आयोग के चर्चा पत्र के अनुसार, किस राज्य में 2013-14 और 2022-23 के बीच बहुआयामी गरीबी से बचने वाले लोगों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई?

Ans
✗ 1. बिहार
✗ 2. झारखंड
✓ 3. उत्तर प्रदेश
✗ 4. राजस्थान

Q.77 अमिता, बबीता, गीता, कविता, मीता, सरिता, विनीता उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठी हैं। गीता, कविता के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। सरिता, मीता के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी अमिता के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठी है। कविता के ठीक पड़ोस में न तो सरिता और न ही बबीता बैठी हैं। दी गई व्यवस्था के आधार पर निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उस समूह से संबंधित नहीं है?

Ans
✓ 1. अमिता और बबीता
✗ 2. सरिता और कविता
✗ 3. बबीता और मीता
✗ 4. विनीता और अमिता

Q.78 सात डिब्बे, G, H, I, J, O, P और Q, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। केवल G को J के ऊपर रखा गया है। J और H के बीच केवल Q रखा गया है। P के नीचे केवल I रखा गया है। O और I के बीच कितने डिब्बे रखे गए हैं?

Ans
✓ 1. एक
✗ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. तीन

Q.79 श्रीरंगम श्रीनिवास राव (श्री श्री), जिन्हें 1972 में साहित्य अकादेमी पुरस्कार मिला, ने मुख्य रूप से किस भाषा में कविताएं लिखी हैं?

Ans
✓ 1. तेलुगू
✗ 2. तमिल
✗ 3. मलयालम
✗ 4. कन्नड़

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

QTM ORK MPI KNG ?

Ans
✗ 1. ILF
✗ 2. IKF
✓ 3. ILE
✗ 4. IKE

Q.81 विनय, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह फिर से बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
✓ 1. 4 km, पूर्व की ओर
✗ 2. 5 km, पूर्व की ओर
✗ 3. 4 km, पश्चिम की ओर
✗ 4. 6 km, पूर्व की ओर

Q.82 14 cm व्यास और 12 m लंबाई वाले एक तार का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

$\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए।

Ans
✗ 1. 1,84,700
✗ 2. 1,84,400
✗ 3. 1,84,300
✓ 4. 1,84,800

Q.83 दिए गए अनुपात में 'A' के स्थान पर क्या आएगा?

$$\frac{138}{A} = \frac{4}{50}$$

Ans
✗ 1. 1726
✓ 2. 1725
✗ 3. 1723
✗ 4. 1724

Q.84 भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की नियुक्ति के संबंध में उल्लेख किया गया है?

Ans
✗ 1. अनुच्छेद 146
✗ 2. अनुच्छेद 145
✓ 3. अनुच्छेद 148
✗ 4. अनुच्छेद 147

Q.85 2024 में, भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत भारत के पहले वाणिज्यिक सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र की स्थापना के लिए किस राज्य का चयन किया गया?

Ans
✗ 1. उत्तर प्रदेश
✗ 2. महाराष्ट्र
✗ 3. तमिलनाडु
✓ 4. गुजरात

Q.86 माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट (Microsoft PowerPoint) में, स्लाइडों को रीऑर्गनाइज करने और संपूर्ण प्रेजेंटेशन स्ट्रक्चर का अवलोकन प्राप्त करने के लिए कौन-सा व्यू (view) सर्वाधिक उपयुक्त है?

Ans
✗ 1. स्लाइड शो व्यू (Slide Show View)
✗ 2. नॉर्मल व्यू (Normal View)
✗ 3. रीडिंग व्यू (Reading View)
✓ 4. स्लाइड सॉर्टर व्यू (Slide Sorter View)

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा पद, भारत की प्रत्येक ग्राम पंचायत में नहीं होता है?

Ans
✗ 1. पंचायत का उपाध्यक्ष (उपसरपंच)
✗ 2. पंचायत सचिव
✓ 3. पंचायत का निर्वाचित कोषाध्यक्ष
✗ 4. पंचायत का निर्वाचित अध्यक्ष (सरपंच)

Q.88 निम्नलिखित में से कौन-सी डिवाइस, कंप्यूटर सिस्टम में डेटा को प्रोसेस करती है?

Ans
✗ 1. RAM
✓ 2. CPU
✗ 3. HDD
✗ 4. FDD

Q.89 एक किराना व्यापारी अपने माल पर लागत मूल्य से 40% अधिक मूल्य अंकित करता है और उसे X% की छूट पर बेचता है। यदि उसे 33% लाभ प्राप्त होता है, तो X का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3
- ✗ 2. 4
- ✓ 3. 5
- ✗ 4. 2

Q.90 T, S की पत्नी है। L, T की पुत्री है। K, S की बहन है। W, L के पिता की माता है। P, S का पुत्र है।

P का K से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ 1. पति का भाई
- ✗ 2. पुत्री का पति
- ✓ 3. भाई का पुत्र
- ✗ 4. पति का पिता

Q.91 सचिन के 7 विषयों में प्राप्त अंकों का औसत 76 है। अंग्रेजी को छोड़कर छह विषयों में उसका औसत 70 है। अंग्रेजी में उसे कितने अंक मिले?

Ans
- ✗ 1. 114
- ✗ 2. 111
- ✓ 3. 112
- ✗ 4. 113

Q.92 एक घंटे में, एक नाव धारा की दिशा में 46 km/hr और धारा की विपरीत दिशा में 36 km/hr की चाल से चलती है। धारा की चाल कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. 2 km/hr
- ✗ 2. 11 km/hr
- ✓ 3. 5 km/hr
- ✗ 4. 4 km/hr

Q.93 संख्या 3178456 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं से पहले और दाएं से दूसरे अंक का योगफल क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 4
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 8
- ✗ 4. 14

Q.94 भारत की हरित क्रांति (Green Revolution) का प्रारंभ प्रायोगिक कार्यक्रमों से हुआ। इस तरह के पहले अभिक्रम का नाम क्या था?

Ans
- ✗ 1. ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम (Rural Employment Programme)
- ✓ 2. गहन कृषि जिला कार्यक्रम (Intensive Agricultural District Programme)
- ✗ 3. राष्ट्रीय बीज योजना (National Seed Plan)
- ✗ 4. ऑपरेशन ग्रीन (Operation Green)

Q.95 एक निश्चित कूट भाषा में, 'shirt mile vow' को 'sh dx rk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'pie vow fork' को 'gg ne sh' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'vow' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
- ✓ 1. sh
- ✗ 2. rk
- ✗ 3. dx
- ✗ 4. gg

Q.96 रामकृष्ण मिशन की शुरुआत किसने की थी?

Ans
✗ 1. केशुब चंद्र सेन
✗ 2. गोपाल गणेश आगरकर
✗ 3. रामकृष्ण परमहंस
✓ 4. स्वामी विवेकानंद

Q.97 भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि स्वर्ण मुद्रीकरण योजना (GMS) के मध्यावधि और दीर्घकालिक सरकारी जमा (MLTGD) घटकों को _____ से बंद कर दिया जाएगा।

Ans
✗ 1. 26 दिसंबर 2024
✗ 2. 26 जनवरी 2022
✗ 3. 26 फरवरी 2023
✓ 4. 26 मार्च 2025

Q.98 बाघ गुफाएँ, जिनमें बौद्ध भित्ति चित्र हैं, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित हैं?

Ans
✓ 1. मध्य प्रदेश
✗ 2. उड़ीसा
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. कर्नाटक

Q.99 अनुष्का घर से 5 km दूर स्थित अपने ऑफिस तक पैदल जाती है। सुबह वह यह दूरी 1 घंटे में तय करती है, जबकि शाम को घर लौटते समय उसे वही दूरी तय करने में 15 मिनट अधिक लगते हैं। दो-तरफ़ा यात्रा के दौरान उसकी औसत चाल (km/hr) में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. $\frac{40}{9}$
✗ 2. $\frac{41}{9}$
✗ 3. $\frac{40}{11}$
✗ 4. $\frac{38}{9}$

Q.100 कौन-सा देश 2025 FIFA क्लब विश्व कप की मेजबानी करेगा, जिसमें दुनिया भर के शीर्ष फुटबॉल क्लब भाग लेंगे?

Ans
✗ 1. सऊदी अरब
✗ 2. कतर
✓ 3. संयुक्त राज्य अमेरिका
✗ 4. स्पेन